St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Text : (2nd Term) **(Answer Worksheet -12)** **Date: 03.09.2020**

Topic: चंद्रशेखर वेंकटरमण **Class -4**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 चंद्रशेखर ने कब और कैसे देश का मस्तक ऊँचा किया |

उ- चंद्रशेखर को सं 1930 में नोबेल - पुरस्कार मिला | उन्होंने भौतिक विज्ञान में खोज की | उनकी यह खोज प्रकाश के विकिरण के सम्बन्ध में थी | इसे ' रमण - प्रभाव ' कहते है | इस प्रकार चंद्रशेखर रमण ने देश का नाम ऊँचा किया और उन्हें पूरे संसार में सम्मान मिला |

2 चंद्रशेखर के जन्म - मृत्य और परिवार के बारे में बताओ |

उ- चंद्रशेखर वेंकट रमण का जन्म दक्षिण भारत में त्रिचनापल्ली नगर में हुआ था | उनका जन्म 7 नवम्बर , सं 1888 में हुआ था | उनके पिता का नाम चंद्रशेखर अय्यर था | वे साधारण हैसियत के आदमी थे | चंद्रशेखर की मृत्यु 21 नवम्बर , सं 1970 को हुई थी |

3 चंद्रशेखर अपने शिक्षकों के स्नेहपात्र कैसे बने ?

उ- चंद्रशेखर बचपन से ही बहुत प्रतिभाशाली थे | वे दुबले - पतले थे , पर उनकी बुद्धि बहुत तेज़ थी | उन्होंने केवल 13 वर्ष की अवस्था में ही वाल्टेयर से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की | इसके बाद वे मद्रास के प्रेसीडेन्सी कॉलेज में प्रविष्ट हुए | अपनी प्रखर प्रतिभा के कारण थोड़े ही दिनों में वे अपने शिक्षकों के स्नेहपात्र बन गए |

4 डा ० रमण की शिक्षा - दीक्षा के बारे में लिखो |

उ- डा ० रमण को बचपन से ही विज्ञान से प्रेम था | इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद वे प्रेसीडेन्सी कॉलेज गए | एम.एस.सी . की परीक्षा में रमण मद्रास विश्वविद्यालय में सर्वप्रथम आए \ उन्हें सरकारी छात्रवृति देकर विलायत भेजने की व्यवस्था हुई | वे अस्वस्थ हो गए , इसीलिए डॉक्टर ने उन्हें विलायत जाने से मना कर दिया |

Poonam Mehra